एक नजर में

## 14-15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका



**सरदारपुर।** 14 कैंसर से बचाव के लिए वर्ष से 15 वर्ष की बीच की बालिकाओं को टिका लगाया जा रहा है5- सामु स्वास्थ्य केन्द्र, अमझेरा से इसकी शुरुवात हुई कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए टिकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया गया जिसमें यहू पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष के रंभ किया गय टिका 14वर्ष पूर्ण कर चुकी बीच की बालिकाओं को लगेगा ।पहले यह टी? प्रायवेट हास्पीटलो मेलगाया जाता था से था दूर, जो बहुत ही महंगा होने के कारण आम नागरिक को पहुंच से अब यह टीका शासकीय अस्पतालो मे निशुल्क लगाया जा रहा है। से यह सामु स्वा केन्द्र में इस अभियान का प्रारंभ हुआ। जहाँ मेडिकल आफिसर डा सुशांत कुमार बहादुर, सेक्टर सुपरवाजर संतोष परमार ए. एन. एम स्वातिपाटीदार ए. एक. एम. ललीता डावर के द्वाररिकाकरण का कार्य किया गया ।

## होलिका दहन हुआ, माकनी में दो दिवसीय मेला लगा, मन्नत धारी जलते अंगारों में नंगे पैर निकले

नागदा धार । ग्राम नागदा में बस स्टैंड विश्राम गृह के पास, बारहपत्थर ,नीम चौक नागदा, पंचायत चौक, किसान चौक, आजाद चौक ,माकनी एवं आसपास के गांव में होलिका दहन हुआ वही ग्राम माकनी में प्रतिवर्षानुसार दो दिवसीय मेला लगा जहां पर गल चूल मेले का आयोजन हुआ। मन्नतधारी महिलाओं पुरुषों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर भभगते अंगारों पर नंगे पैर चले व पूजा अर्चना की गल चूल पर घूमें। सरपंच महेश मेहरा ने मेले में लगी दुकानों के व्यापारियों के लिए जलपान, बैठक, लाइट व्यवस्था की गई । नागदा माकनी में गेर भी निकाली माली समाज द्वारा एवं सर्व समाज द्वारा गेर निकली जो की गमी वालों के घर जाकर रंग गुलाल किया गया यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है।

## नीता हितेंद्र शर्मा गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला महासभा की जिला अध्यक्ष मनोनीत



**धार ।** मध्य प्रदेश प्रांतीय महिला सभा की प्रांतीय महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति पुरोहित ने अखिल भारतीय महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माया जी त्रिवेदी की सहमति से धार जिले की कर्मठ समाज सेवी एवं पूर्व जिला महा सचिव श्रीमती नीता शर्मा को धार जिला गुर्जर गोड ब्राह्मण महिला सभा का जिला महिला अध्यक्ष मनोनीत किया हे इनके मनोनयन पर जिले में हर्ष की लहर है धार जिला गुर्जर गोड समाज ने श्रीमती नीता हितेंद्र शर्मा को जिला महिला सभा का अध्यक्ष मनोनीत होने पर बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाएं दी है प्रतिभा शर्मा उषा शर्मा प्रीति शर्मा भारती तिवारी हर्षद्य तिवारी रेखा उपाध्याय रानी जोशी अलका पांडे रीता जोशी हेमा शर्मा दीप्ति शर्मा आदि ने बधाइयां दी

## लेड गांव में दो दिवसीय मेले का भव्य आयोजन, वर्षों पुरानी परंपरा कायम



सरदारपुर न्यूज़,, लेडगांव नगर में दो दिवसी भव्य मेले का आयोजन यह मेला प्रतिवार लगता है खेड़ापति हनुमान जी के नाम से कई वर्षों से मेला लगता है जिसमे व्यापारी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं वह अपनी दुकान लगाते जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा एक मेला समिति का गठन किया जाता है जो मेले की सारी व्यवस्था देखती है खेड़ापति हनुमान जी का विशेष सिगार किया जाता है चोला चढ़कर मांह आरती की जाती है शाम के समय भक्तों के द्वाराभजन कीर्तनकिए जाते हैं खेड़ापति हनुमान जी नगर में बहुत ही चमत्कारी है कहा जाता है कि ली हुई मन्नत पूरी होती है नगर एवं ग्रामीणों की रक्षा करते हैं हनुमान जी नगर व आसपास के ग्रामीण मेले का भरपुर आनंद लेते हैं मेले में झूला चकरी मनोरंजन के साधन मिठाई की दुकान एवं लेडिस आइटम की दुकाने लगती है सामाजिक तत्वों पर दसई पुलिस अपनी पेनीह नजर बनाए रखती है विद्युत व्यवस्था के लिए अपनी टीम के साथ अर्जुन लाइनमैन अपनी सेवा देते है स्थानी मीडिया भीमेले के आयोजन को लेकर देते हैं ध्यान भारसेआए व्यापारी एवं खरीदारों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अपने सेवा के लिए तत्पर रहती है राम भक्तहनुमान के जयकारों से गूंजता है मदिर मेले में आने वाला हर व्यक्ति व्यापारी खेड़ापति हनुमान जी के दर्शन करते हैं

## धुलंडी होली पर्व पर गमी परिवार में पहुंचकर रंग गुलाल किया

**सरदारपुर ।** बुधवार को नगर में धुलेंन्डी होली पर्व शांति से मनाई गई, नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा इस दिन गमी परिवार में पहुंचकर रंग गुलाल लगाकर सांत्वना दी गई। तो वही त्योहार को लेकर बच्चो की टोली रंग से भरी पिचकारियों से रंग छिड़ककर त्योहार का आनंद लेते दिखाई दिए गए।

## प्रधान आरक्षक अरुणा शाह सेवानिवृत्त, विदाई दी



**सरदारपुर ।** सरदारपुर नगर की प्रधान आरक्षक महिला अरुणा शाह और कैलाशसिंह बैस की सेवानिवृति पर बिदाई समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी थे। बिदाई समारोह मे शाह के 38 वर्ष के सेवाकाल के दौरान सरदारपुर, धार, राजोद, पीथमपुर मे दी गई सेवा कार्यकाल की बखान करते हुए विचार रखते हुए प्रशंसा की गई। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ सरदारपुर ट्रस्टी अध्यक्ष बीजे उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी, शैतानसिंह चौहान, लक्ष्मण तिवारी और पुलिस विभाग परिवार मौजूद रहे





# ब्राह्मण समाज ने फूलों से खेली होली, फाग गीतों पर जमकर झूमे युवा

**सरदारपुर-अमझेरा।** सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। नृसिह मार्ग स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोहर दीक्षित, सुदर्शन पारीक ने मन्त्रोच्चारण से भगवान परशुराम जी का पूजन कर दिप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्रतियोगिता संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने वाले सुदर्शन मनीष पारीक का प्रशस्ति पत्र-शाल श्रीफल देकर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियो सत्यनारायण दीक्षित, केशवानन्द शर्मा, सूर्यप्रकाश शास्त्री, मुकेश पंडित, प्रहलाद पारीक एवं महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा शर्मा, एडवोकेट पार्वती तिवारी, राधा पारीक, लीना पंडित सम्मान किया। प्रशस्ति पत्र का वाचन अभिजीत पंडित ने किया। सम्मान होने के बाद सुर्दशन पारीक ने सम्बोधित कर सँस्कृत के महत्व को बताया एवं समाज के युवाओं से आव्हान किया कि सँस्कृत को समझे भविष्य में सँस्कृत की पाठशाला भी नगर में प्रारम्भ करने की बात कही गई। जिसके बाद अध्यक्ष मनोहर दीक्षित ने अपने छः माह के कार्यकाल में हुए कार्यो एवं आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अमित तिवारी ने किया इस दौरान समाज के शिव शंकर टेमले, नीलाम्बर शर्मा, अरुण पंडित, विजय दीक्षित, जगदीश दीक्षित, आशुतोष पंडित, सुमित पंडित, कमलेश दवे आदि अन्य मौजूद थे।

उधर, सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा होली मिलन समारोह में फूलो से होली खेली भजन गायक गोपाल पारीक, अजय शर्मा ने एक से ब?कर एक भजनों एवं होली के गीतों की प्रस्तुति दी जिनपर समाज की महिलाओं एवं युवाओं ने नृत्य कर फूलो से होली खेली गई।

# 37 वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा का सम्मान, संदला में भावपूर्ण समारोह



**बदनावर ।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संदला में प्राचार्य दिनेश दुबे के 37 वर्षों के समर्पित, अनुशासित और प्रेरणादायी शासकीय कार्यकाल के उपलक्ष्य में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षा, समाज और प्रशासन से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने अपने संबोधन में कहा कि श्री दुबे ने विद्यालय को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित न रखकर संस्कार, नैतिकता, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना से जोड़ा। जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हुआ। वहीं विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह पिपलीपाडा ने उनके नेतृत्व को मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में संस्था ने निरंतर उन्नति, गुणवत्ता और विश्वास का स्तर हासिल किया। माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में संकुल केंद्र तथा विकासखंड बदनावर के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, जनशिक्षक, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने साफा, शाल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान प्रकट किया। अपने सेवाकाल में श्री दुबे ने अनुशासित वातावरण, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद, नवाचार, मार्गदर्शन, नैतिक शिक्षा और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने पर विशेष ध्यान दिया। जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कार्यक्रम में पूर्व छात्र, सेवानिवृत्त शिक्षक, अभिभावक तथा क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्वागत भाषण लच्छीराम गोयल ने प्रस्तुत किया। अभिनंदन पत्र का वाचन अरुण कुमार पांडे द्वारा किया गया।

आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य प्रेमसिंह सिसोदिया ने व्यक्त किया। जबकि प्रभावी संचालन शिक्षक मुकेश कुमार पुरोहित ने संभाला। अपने उद्बोधन में श्री दुबे ने सहयोगियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता सामूहिक प्रयास, विश्वास और सतत परिश्रम का परिणाम होती है। उन्होंने युवा शिक्षकों से नवाचार, संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। अंत में सहभोज के साथ समारोह का समापन हुआ। जिसमें सभी अतिथियों ने उनके उज्वल भविष्य, स्वास्थ्य और सक्रिय सामाजिक भूमिका की कामना की। यह आयोजन शिक्षा क्षेत्र में समर्पण, नेतृत्व और मूल्यपरक साधना का जीवंत उदाहरण बनकर उपस्थितजनों के लिए प्रेरणा स्रोत सिद्ध हुआ।

## पटवारियों ने लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान


**बदनावर ।** प्रांतीय पटवारी संघ, जिला धार ने समयमान वेतनमान, वेतन निर्धारण, बकाया भुगतान, भत्तों तथा मानदेय से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है।

संघ के अनुसार पूर्व में कई बार ज्ञापन और अनुस्मारक सौंपे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस, स्पष्ट और समयबद्ध निर्णय नहीं लिया गया, जिससे कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ता गया, संगठन का कहना है कि शांतिपूर्ण संवाद, सहयोगात्मक रवैये और लोकतांत्रिक तरीकों से समाधान की कोशिशें की गईं, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा, इसी क्रम में 5 मार्च 2026 को सरदारपुर स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के माध्यम से जिला स्तरीय सामूहिक ज्ञापन माननीय कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा, इस अवसर पर जिले के सभी पटवारी एक दिवस का अर्जित अथवा आकस्मिक अवकाश लेकर सरदारपुर मुख्यालय पर एकत्रित होंगे, संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि उसी दिन से सरदारपुर तहसील के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जबकि शेष जिले के कर्मचारी 9 मार्च से 11 मार्च तक तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे, संगठन ने आंदोलन को पूरी तरह शांतिपूर्ण, संवैधानिक, लोकतांत्रिक और वैधानिक मर्यादाओं के भीतर संचालित करने का भरोसा दिलाया है, पदाधिकारियों का कहना है कि उद्देश्य किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न करना नहीं बल्कि वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है, संघ ने पुन: अपील की है कि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र, सकारात्मक और व्यवहारिक समाधान किया जाए, ताकि राजस्व से जुड़े कार्य प्रभावित न हों और आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े, जिला अध्यक्ष संजय जाट सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यदि समय रहते निर्णय लिया गया तो आंदोलन पर पुनर्विचार संभव है, वहीं कर्मचारियों में इस घोषणा के बाद सक्रियता बढ़ गई है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं, प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है, क्योंकि आंदोलन का असर भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, सीमांकन और प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं पर पड़ सकता है, गौरतलब है कि धार जिले में बड़ी संख्या में पटवारी कार्यरत हैं और उनकी भूमिका ग्रामीण व शहरी प्रशासन में महत्वपूर्ण मानी जाती है,

## ग्राम झिरपंया के तीन युवक और एक युवती ने बड़ी सफलता हासिल की , नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत









बाग के महज 15 किलोमीटर दूर झिरपन्या गांव के 4 होनहार बिरवानों ने अलग-अलग प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के झण्डे गा? दिए और अपना लोहा मनवाया साथ ही सरकारी अर्जित की। उनमें प्रेम अनारे ने सहायक प्राध्यापक परीक्षा - 2022 में सफलता अर्जित की और राजनीति शास्त्र से अस्सिस्टेंट प्रोफेसर बने । प्रोफेसर बने के बाद जब प्रेम अनारे का गांव में पहली बार आगमन हुआ तो पूरे गांव में धूमधाम से स्वागत किया ।उनके स्वागत में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राजू अनारे ने प्रेरणा दायक शब्द कहें- प्रेम ने आने वाली भावी पी?ी के लिए एक रास्ता तैयार किया है , उस पर हर युवाओं को चल कर अपना और अपने गांव का रोशन करना चाहिए। वहीं श्री नेहरू अनारे ने बताया कि यह उनके संघर्ष का परिणाम है जो इस स्वर्णिम सफलता को प्राप्त कर सके। उनकी सफलता में चार चांद उस समय लग गए। जब व्यापमं ने अपने शिक्षक भर्ती वर्ग - 3 के रिजल्ट जारी किए। जिसमे झिरपन्या के श्री राकेश अनारे , श्री विक्रम अनारे और श्रीमती रेशम अनारे ने स्वर्णिम सफलता अर्जित की और वर्ग-3 के शिक्षक बने। जिसमें राकेश अनारे का पूर्व में पुलिस भर्ती परिक्षा में चयनित हो गए थे। लेकिन उन्होंने ने शिक्षा के क्षेत्र को अपने करियर के लिए चुना।

उनकी सफलता ने गांव में जश्न का माहौल तैयार कर दिया। इनकी सफलता के लिए उदय अनारे , जामसिंह अनारे , श्रीमती कलम अनारे , वेस्ती अनारे , कैलाश अनारे , हनी बामनिया और सभी ग्रामीणों ने हर्ष जताया।

## तीन साल के मासूम अली ने रखा रोजा, दिनभर की इबादत



**बाग।** मुस्लिम समाज के सबसे महत्वपूर्ण पर्व रमजान मुबारक का महिना चल रहा है । उसी के चलते रोजदार सुबह चार बजे उठकर रोजे के लिए शेहरी करते ओर वहीं से सबकुछ खाना पीना बंद हो जाता इस रोजे के रखने के बाद पांच टाइम की नमाजों का भी एहतराम कर रहे हैं ।

रमजान पाक के 15 रोजे पुर्ण हो चूके हे आधा असरा बीत चूका हे । जामा मस्जिद के मोलाना हाजी हैदर बैग सहाब ने रमजान की बहुत सी फजीलत बताई ओर कहा रमजान में की गई इबादत का बहुत बड़ा महत्व है । किसी भी प्रशस्तिथी में रमजान के रोजे ओर नमाजे जहां तक हो नहीं छोड़ना चाहिए । ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और रोजे भी रखें साथ ही जो नहीं रख रहे वह भी रोजे का एहतराम जरूर करें । जहां बड़े ओर बुजुर्ग रोजे रख रहै है । उसी को देखते हुए बच्चों में भी रोजे रखने का जूनून छाया हुआ है ।

3 साल कै सिब्तैन अली साहेब खान पठान के लड़के ने अपने मम्मी पापा से जींद कर के रोजा रखा । परिवार कौ डर ही था छोटा बच्चा है केसे दिनभर भूखा प्यासा रहेगा मगर बालक ने दिनभर कुछ भी नहीं खाया और नहीं पिया । ओर शाम को अपने परिवार के साथ रोजा इफ्तार करा सुबह से शाम तक उसके परिवार के लोग उस पर पुरा ध्यान देते रहै । उसकी जिंदगी का पहला रोजा बहुत कम उम्र रखा गया जिसको परिवार एवं मोहल्लेवासियों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा । उसका जोरदार फूल हारो से इस्तकबाल किया गया ओर सभी ने बच्चे को अपनी दुआओं से नवाजा ।

एक नजर

मन को आह्लादित करता काव्य - पं. मंडलोई, साहित्य निरोगी बनाता है - डॉ. पाटीदार

## साहित्य ऊर्जा का अनुपम स्रोत है : रमेश धाडीवाल

### बद्दल फाट्या सियो नी जाय - गिरधर सोनी




**कुक्षी।** साहित्य मानव जीवन में ऊर्जा भरता है । पद्य साहित्य व्यक्ति को अनुपम आनंद प्रदान करता है वहीं गद्य साहित्य ज्ञान परम्परा को पुष्ट बनाता है । उक्त विचार शारदा वाचनालय कुक्षी में शारदा सृजन मंडल द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी में प्रखर वक्ता व साहित्यकार रमेशचन्द्र धाड़ीवाल ने व्यक्त किए ।

राष्ट्रीय पत्रकार परिषद के महासचिव व वरिष्ठ पत्रकार पं मनोहर मंडलोई ने कहा कि कविता कानन में शब्द पुष्पों को ग्रहण कर मन आह्लादित हो जाता है । नगर सुरक्षा समिति के जिला संयोजक डॉ. निर्मल कुमार पाटीदार ने कहा कि साहित्य जीवन को निरोगी बनाने में महती भूमिका निभाता है । रंग उत्सव होली के पावन पर्व पर आयोजित इस काव्य गोष्ठी में कवि मित्रों ने अपनी कविताओं में राष्ट्रीयता , लोकसंस्कृति और लोक पर्व होली के विविध रंग भरे । प्रेमलता सोलंकी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । गोपाल सोनी ने आई है होली स्नेह के रंग लुटा दो से काव्य पाठ की शुरूआत की । गिरधर सोनी ने निमाड़ी रचना बद्दल फाट्या सिओ नि जाय रचना से सभी के मन को गदगद किया । मनीष भावसार ने काश वही बचपन होता , भूपेन्द्र वर्मा ने फागुन आंगन डाल दी रंगों की सौगात , मनोज साधु ने लिखा दूध को दूध अगर तो पानी को भी पानी लिख , राजेन्द्र गुप्ता ने आई बसंत आया फाग , जगदीश गुप्ता ने मकां तो है पर घर नहीं मिलता , डॉ.अजीज लक्की ने बुरा न मानो होली है, यतीन्द्र डुंगरवाल ने होली खेलत है नन्दलाल गीत गाया, रविन्द्र जैन रूपम ने वर्तमान राजनीतिपर रचना पढ़ी तो आरना परसाई ने लोकसंस्कृति पर काव्य पाठ किया व दीपक शर्मा ने होली के लोकपर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की शुभकामना दी ।

# 150 मादलों के साथ नेता प्रतिपक्ष सिंगार का काफिला निकला बाग भगोरिया में

▶ अपनों के साथ मांदल की थाप पर थिरके ओर लगाई कुर्राटीं, किया मादलो को पुरस्कृत



**बाग।** बाग का भगोरिया सोमवार को अंतीम था इसलिए भगोरिया का रंग अलग ही अपना उत्साह बिखर रहा था । सात दिवसीय भगोरिया हाट का यही से समापन हो गया । इसीलिए इस आखरी भगोरिया का सभी ने जमकर आनंद लिया और उत्साह से भगोरिया को विदाई दी ।

विश्राम गृह बाग से 150 मादलो के साथ सिंगार का काफिला धुमधाम से नृत्य करते हुए निकला पुर्व विधायक गणपतसिंह पटेल के निवास से भी गेर का काफिला सिंगार के साथ निकला जो थाना ग्राउंड पहुंचा वहां सभी मांदल टीम को नेताप्रतिपक्ष सिंगार एवं जिला अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी द्वारा पुरस्कृत किया गया । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमरसिंह मेकसिह निंगवाल ने बताया की आदिवासियों के नेता नेताप्रतिपक्ष ओर इस क्षैत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय उमंग सिंगार ने इस भगोरिया हाट में दस्तक देकर सभी कार्यकर्ताओं में जोश भर दीया 150 मादलो की थाप के साथ सभी के साथ खुब थिरके नेताप्रतिपक्ष सहित नेता और कार्यकर्ता जिनका जोश अपने नेता के साथ देखते ही बनता था । सभी को मांदल टीम को पुरस्कृत को भगोरिया हाट ओर होली की शुभकामनाएं भी दी गई। इस दौरान पुर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं उप सरपंच रोहित झांवर,विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई,प्रिती माहेश्वरी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नगर कांग्रेस अध्यक्ष सलाम खान पठान, जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी, सरपंच प्रभु पटेल,प्यार सिह , सतपाल बरनाला, जाफर खान मेंव गंबू शिलाका,सजन काटी, पप्पु बघेल,पदम मंडलोई,आदि बडी संख्या में सरपंच जनपद सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।